आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज सिरमौर जिला की ददाहू तहसील में 90 लाख रुपये से निर्मित कोटि धीमान पंचायत में उठाऊ जल आपूर्ति योजना और ददाहू पंचायत के लिए एक करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से बने उठाऊ जल आपूर्ति योजना के संवर्धन व सुधार कार्य का शुभारंभ किया। विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार भी इस अवसर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर अग्निहोत्री ने नौहराधार में बस अड्डा व संगडाह में जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह निर्माण की घोषणा की। उन्होंने रेणुका विधानसभा क्षेत्र के लिए 8 करोड़ रुपये की जल जीवन मिशन योजना में से चार करोड़ रुपए की राशि तत्काल देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में एक सौ 10 करोड़ रुपये की 38 पेयजल और 23 सिंचाई योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। अग्निहोत्री ने संगडाह से चंडीगढ़ और शिमला को पुनः बस सेवा आरंभ करने की घोषणा की।

पठानिया

प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया नई दिल्ली में 10वें राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ के दो दिवसीय सम्मेलन भारत क्षेत्र में भाग ले रहे हैं। नई दिल्ली के संसद भवन में आज शुरू हुए इस सम्मेलन की कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कार्य संचालन में बदलाव और वित्तीय स्वायतता के मुद्दों पर प्रमुखता से उठाया। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि विधानसभा सचिवालय के पास अपनी वित्तीय स्वायतता होनी चाहिए, क्योंकि विधानसभा की कार्यवाही समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कई तरह के आयोजनों की आवश्यकता रहती

बैठक

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की एक बैठक आज शिमला स्थित पार्टी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में संगठन की मजबूती और सरकार के साथ तालमेल बढ़ाने को लेकर रणनीति बनाई गई। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व हिमाचल के सहप्रभारी विधित

चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और प्रदेश से जुड़े पार्टी के अन्य मामलों को हल करने के केन्द्रीय आलाकमान के पास मजबूती से पैरवी करेंगे। प्रतिभा सिंह ने बताया कि सरकार और संगठन में अच्छा तालमेल है और सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कांग्रेस पार्टी कार्य कर रही है। बैठक में सरकार के मंत्री, विधायक, महासचिव, सचिव, ज़िला अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा ऐतिहासिक रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि दुनिया के प्रतिष्ठित फोरम में भाग लेने पहुंचे नरेन्द्र मोदी ने कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। जयराम ठाकुर ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत के ऐतिहासिक महत्व एंटीक वस्तुओं की वापसी स्वागत योग्य है। नेता प्रतिपक्ष के कहा कि प्रधानमंत्री की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दौरा अमेरिकी राष्ट्रपति जो–बाइडन ने भारत को 2 सौ 97 प्राचीन कलाकृतियां सौंपी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन भारत की बढ़ती ताकत और वैश्विक भूमिकाओं के निवर्हन में बढ़ती भागीदारी का प्रमाण है।

जागरूकता कार्यक्रम

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जनआरोग्य योजना के 6 वर्ष पूरे होने पर कुल्लू ज़िला में पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत 30 सितम्बर तक ज़िलेभर के लोगों को आयुष्मान भारत जनआरोग्य योजना और आयुष्मान भारत हैल्थ अकाउंट के बारे में जागरूक किया जाएगा। कुल्लू के सीएमओ डॉक्टर नाराज पवार ने आज कुल्लू अस्पताल में इस पखवाड़े का शुभारंभ किया। 23 सितम्बर 2018 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रांची से शुरू की गई इस योजना के तहत कुल्लू ज़िला में 23 हज़ार लोगों को लाभ मिला है। इसके तहत 24 करोड़ 43 लाख रूपये की राशि खर्च की गई है। सीएमओ ने बताया कि ज़िले में 3 लाख 82 हज़ार 8 सौ 52 लोगों के आभा आईडी बन चुके हैं और इस योजना के माध्यम से 2 सौ 27 स्वास्थ्य संस्थान जुड़ चुके हैं।

मानक ब्यूरो

विश्व मानक दिवस श्रृंखला के तहत सिरमौर ज़िला के पावंटा में मानक महोत्सव का आयोजन किया गया। विधायक सुखराम चौधरी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उत्पाद स्टेंडर्ड के अनुरूप ही बनना चाहिए और उद्योगों पर उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ने से उन्हें फायदा होगा। सुखराम चौधरी ने इस तरह के कार्यक्रम समय–समय पर करवाने की ज़रूरत बताई। इस अवसर पर बी.आई.एस देहरादून शाखा के निदेशक व प्रमुख सौरभ तिवारी ने इस वर्ष की थीम उद्योग, नवाचार व अवसंरचना के विषय में जानकारी दी।

....